## अनुभाग – I : हिन्दी

1. 'स्वतन्त्र' का विलोम है:
(A) गुलाम
(B) परतन्त्र
(C) आज़ाद
(D) अधीन

2. नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द अनेकार्थी है?
(A) घर
(B) तन
(C) साँझ
(D) कल

3. नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द 'आँख' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) नैन
(B) चक्षु
(C) नयन
(D) मीन

4. 'विचार' शब्द में 'इक' जोड़ने पर शब्द बनेगा:
(A) विचारिक
(B) वैचरिक
(C) वैचारिक
(D) विचारीक

5. 'ईमानदारी' शब्द ---------- संज्ञा है।
(A) भाववाचक
(B) गुणवाचक
(C) समूहवाचक
(D) जातिवाचक

6. 'रोजी-रोटी' शब्द ---------- है।
(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) शब्द युग्म
(D) विशेषण

7. 'फल' शब्द का बहुवचन है:
(A) फल
(B) फलों
(C) फलन
(D) फलां

8. 'ढाँढस बँधाना' का अर्थ है:
(A) आशीर्वाद देना
(B) तसल्ली देना
(C) आज्ञा देना
(D) निवेदन करना

9. 'आग लगने पर कुआँ खोदना' मुहावरे का अर्थ है:
(A) अवसरवादी होना
(B) पाखंडी होना
(C) पहले से सावधान न होना
(D) समय देखकर तत्पर होना

10. शुद्ध रूप छांटिये:
(A) सहीष्णुता
(B) सहिश्णुता
(C) सहीस्नुता
(D) सहिष्णुता



www.sdcampus.com
SD Campus APP

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:**

साँझ होने लगी थी, धूप की सुनहरी परछाइयाँ सिंदूरी साँझ की बाँहों में समा गई। मैं इस साँझ को अपने तन की आँखों से देखता हूँ और मन की आँखों से उस दादी की छवि को जो मानस पटल पर उभर आई है। तन की आँख सिर्फ़ आज देखती है जबकि मन की आँख तमाम बीते हुए कल। मन की इसी आँख ने मुझे अपनी दिवंगत दादी की याद दिला दी जो बचपन में हमें साँझ के समय घर के बाहर जाने से रोकती थी। - कहती थी 'संजा बिरयां घर के बाहर नयी जानो बेटा, दीया बत्ती के टेम घर रेनो।' तर्क देती थी कि गोधूलि बेला में जब गायें भी अपने घर लौटती हैं अपने बछड़े के पास तो फिर तुम क्यों घर के बाहर जाते हो? वह कहती रहती थीं और हम थोड़ी देर उनकी गोद में बैठकर घर लौटती गायों को देखते, उनकी आँख बचाकर घर के बाहर भाग जाया करते थे। यह सिलसिला बचपन में चलता रहा। बचपन की दहलीज़ लाँघी, जीवन संघर्ष में यौवन उलझा और अब वार्धक्य में स्मृतियों के भँवर में घूम रहे हैं। इस सांध्य बेला में साँझ खूब याद आती है। ऐसी जानें कितनी साँझें याद आयीं और बीत गईं लेकिन दादी की 'संजा बिरयां' बीतती नहीं। सोचता हूँ तो बार-बार लगता है कि वह संध्या के समय घर के बाहर न जाने की मनुहार करते जब गायों के गोधूलि बेला में अपने-अपने घर लौटने का उदाहरण देती थीं तो क्या यह उनकी समझ थी या उनका संस्कार?

**11. अनुच्छेद में साँझ को सिंदूरी इसलिए कहा गया है, क्योंकि-**

(A) साँझ बहुत गहरे लाल रंग की होती है।
✓(B) शाम के समय आकाश में लालिमा होती है।
(C) शाम को लोग जी भरकर मौज-मस्ती करते हैं।
(D) साँझ के समय लोग लाल रंग का प्रयोग करते हैं।

**12. '...लेकिन दादी की 'संजा बिरयां' बीतती ही नहीं' का अर्थ है-**

(A) दादी के जीवन में साँझ हमेशा रही।
(B) दादी की साँझ वाली बात कभी खत्म नहीं होती।
✓(C) दादी की साँझ वाली बात हमेशा याद रहती है।
(D) दादी की साँझ वाली बात का अर्थ आज समझ आया।

**13. मन की आँखों को पुल का पर्याय क्यों कहा गया है?**

✓(A) वे अतीत और भविष्य को जोड़ती हैं। (B) वे अतीत और भविष्य को डूबने से बचाती हैं।
(C) वे आजकल आज को ही देखती हैं। (D) वे पुल की तरह दिखती हैं।

**14. इस अनुच्छेद में 'सांध्य बेला' का अर्थ है-**

✓(A) शाम का समय (B) उम्र का एक पड़ाव
(C) सुखद समय (D) दुखद समय

**15. अनुच्छेद में लेखक ने ------------ के बहाने दादी, बचपन, गोधूलि से जुड़ी यादों को साझा किया है।**

(A) मन (B) आँखों
✓(C) साँझ (D) गायों

## Section – II : English

**Answer Q.16 to Q.19 by choosing the appropriate option to complete the passage/sentence.**

Man ...... **(Q.16)** is believed to have evolved from apes, ...... **(Q.17)** a curious mixture of varied motives. He is not only ...... **(Q.18)** subjects of needs ...... **(Q.19)** also their creator. He also seeks to satisfy his needs and caters to his desires.

**16.** (A) which (B) when
(C) while (D) who

**17.** (A) am (B) are
(C) is (D) has

**18.** (A) to (B) the
(C) a (D) an

**19.** (A) but (B) and
(C) to (D) the

**20.** **Convert into passive voice**
'We must face the new situations with a creative mind.'
(A) New situations need faced by us with a creative mind.
(B) New situations must face us with a creative mind.
(C) New situations must be faced by us with a creative mind.
(D) Everyone should face the new situations with a creative mind.

**21.** Give a word most similar in meaning to the word **'exhorting'**?
(A) urging (B) supporting
(C) demanding (D) clarifying

**22.** Opposite meaning of the word **'seeks'** is --------.
(A) deplores (B) avoids
(C) vanishes (D) approaches

**Direction :** Which option fits best in the blanks in **Q.23** to **Q.25**

**23.** I ---------- we should accept the offer.
(A) think (B) will think
(C) should think (D) would think

**24.** Neither he nor his servant ----------.
(A) leave (B) have left
(C) has left (D) is left

**25.** My sister is ---------- than I am
(A) more stronger (B) most stronger
(C) stronger (D) strong

**Give one word for the following phrase**

**26.** One who eats everything
(A) omnipotent (B) insolvent
(C) irresistible (D) omnivorous

**Select the alternative which best expresses the same sentence in indirect speech.**

**27.** He said, "can you sing?" and I said, "no".
(A) He asked me that could I sing and I refused.
(B) He asked me if I could sing and I replied that I could not.
(C) I denied, when he asked me if you could sing.
(D) He asked me if I could sing and I said no.

**Read the following passage carefully and answer Q.28-30.**

The Aryans were keen hunters and caught lions and hunted boars with dogs. But their favourite sport was racing in chariots drawn by swift horses. After the races, they had open-air dancing and singing. Like other ancient people, they worshipped at first many Gods of the storms. For a long time their chief God was Indra. As centuries passed and the Aryans settled and developed their farming and trade in the conquered lands, the people became divided into four main castes, the Brahmans, the Kshatriyas, the Vaishyas and the Shudras. The duties of these four groups were described in ancient laws called the 'Manu Samhita' or the Laws of Manu.

**28.** The favourite sport of the Aryans was
(A) hunting
(B) chariot race
(C) horse race
(D) dancing and singing

**29.** For a long time, the chief God of the Aryans was
(A) Sun God
(B) the God of Storms
(C) Indra
(D) God of Sky

**30.** Who helped the Aryans in hunting?
(A) Lions
(B) Dogs
(C) Bears
(D) Their God

## Section – III : Mathematics
## अनुभाग – III : गणित

**Directions: For each question (Q.Nos. 31 to 65) four possible choices have been given, out of which only one is correct. You are to select the correct answer and fill in the OMR sheet.**

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के लिए (प्र.सं. 31 से 65 तक) चार सम्भावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। आपको सही उत्तर चुनकर ओएमआर शीट में भरना है।**

**31.** Which of the following is not true?

(A) 8/7 + 3/8 = 3/8 + 8/7

(B) 8/7 × 3/8 = 3/8 × 8/7

(C) 8/7 / 3/8 = 8/7 × 8/3

(D) 8/7 – 3/8 = 3/8 – 8/7

**32.** The product of a non zero rational number and its reciprocal is ----------.

(A) 1

(B) 0

(C) rational number itself

(D) reciprocal of rational number

**33.** Square of which of the following number will have 6 at its unit place?

(A) 38 (B) 24

(C) 32 (D) 45

**34.** How many natural numbers exist between the squares of 28 and 29?

(A) 30 (B) 58

(C) 56 (D) 60

**35.** The value of $\sqrt{\sqrt{256}+\sqrt{81}}$ is :

(A) 5 (B) 6

(C) 7 (D) 8

**36.** Which one of the following will have cube root ending with 3 ?

(A) 35937 (B) 46656

(C) 39304 (D) 50653

**37.** 0.04 × 0.04 × 0.04 = ?

(A) 0.064 (B) 0.00064

(C) 0.0064 (D) 0.000064

**31.** निम्न में से कौन सा सत्य नहीं है?

(A) 8/7 + 3/8 = 3/8 + 8/7

(B) 8/7 × 3/8 = 3/8 × 8/7

(C) 8/7 / 3/8 = 8/7 × 8/3

(D) 8/7 – 3/8 = 3/8 – 8/7

**32.** एक अ-शून्य परिमेय संख्या एवं इसके व्युत्क्रम का गुणनफल होता है

(A) 1

(B) 0

(C) परिमेय संख्या स्वयं

(D) परिमेय संख्या का व्युत्क्रम

**33.** निम्न में से किस संख्या के वर्ग में इकाई के स्थान पर 6 होगा?

(A) 38 (B) 24

(C) 32 (D) 45

**34.** 28 और 29 के वर्ग के बीच कितनी प्राकृतिक संख्याएँ स्थित हैं?

(A) 30 (B) 58

(C) 56 (D) 60

**35.** $\sqrt{\sqrt{256}+\sqrt{81}}$ का मान है:

(A) 5 (B) 6

(C) 7 (D) 8

**36.** निम्न में किस संख्या के घनमूल की इकाई 3 होगी?

(A) 35937 (B) 46656

(C) 39304 (D) 50653

**37.** 0.04 × 0.04 × 0.04 = ?

(A) 0.064 (B) 0.00064

(C) 0.0064 (D) 0.000064



www.sdcampus.com SD Campus APP

38. The least number by which 81 be divided to make a perfect cube is ---------.

(A) 1 (B) 3
(C) 2 (D) 4

39. The standard form of 12300000 is --------.

(A) $1.23 \times 10^8$ (B) $12.3 \times 10^8$
(C) $1.23 \times 10^7$ (D) $1.23 \times 10^9$

40. $Z \times (Z^2)^{-4} = ?$

(A) $Z^{-7}$ (B) $Z^7$
(C) $Z^{-8}$ (D) $Z^8$

41. If a family of 10 persons purchases ration for 15 days and five guests join the family from the first day. How long will the ration last?

(A) 15 days (B) 12 days
(C) 10 days (D) 8 days

42. If the distance travelled by a rickshaw in one hour is 10 km, the distance covered by the same rickshaw with the same speed in one minute will be:

(A) 250/9 m (B) 500/9 m
(C) 1000 m (D) 500/3 m

43. If Nidhi purchases a book of Rs. 500 and GST is 12 per cent. She will pay Rs. ------.

(A) 60 (B) 560
(C) 640 (D) 660

44. If a number is increased by 30% and then decreased by 30%, the net increase/decrease percentage will be:

(A) 9 (B) 4
(C) 16 (D) 1

45. The compound interest on Rs. 10 @ 10% per annum for two years will be ----------.

(A) Rs. 2 (B) Rs. 2.10
(C) Rs. 2.20 (D) Rs. 2.30

38. वह न्यूनतम संख्या, जिससे 81 को भाग देने पर एक पूर्ण घन प्राप्त होता है ---------- है।

(A) 1 (B) 3
(C) 2 (D) 4

39. 12300000 का मानक रूप ---------- है ।

(A) $1.23 \times 10^8$ (B) $12.3 \times 10^8$
(C) $1.23 \times 10^7$ (D) $1.23 \times 10^9$

40. $Z \times (Z^2)^{-4} = ?$

(A) $Z^{-7}$ (B) $Z^7$
(C) $Z^{-8}$ (D) $Z^8$

41. यदि 10 लोगों का एक परिवार 15 दिन का राशन खरीदता है और पहले दिन से पाँच मेहमान आ जाते हैं। यह राशन कितने दिन चलेगा?

(A) 15 दिन (B) 12 दिन
(C) 10 दिन (D) 8 दिन

42. यदि एक रिक्शा 1 घंटे में 10 km दूरी तय करती है तो उसी गति से इस रिक्शा द्वारा एक मिनट में ---------- दूरी तय की जाएगी।

(A) 250/9 m (B) 500/9 m
(C) 1000 m (D) 500/3 m

43. यदि निधि 500 रु. मूल्य की एक पुस्तक खरीदती है और उसका जी एस टी 12 प्रतिशत हो तो उसके द्वारा देय राशि --------- रु. होगी।

(A) 60 (B) 560
(C) 640 (D) 660

44. यदि किसी संख्या में 30% वृद्धि की जाती है और फिर इसमें 30% की कमी की जाती है। इसमें शुद्ध वृद्धि/कमी ---------- % होगी।

(A) 9 (B) 4
(C) 16 (D) 1

45. 10 रु. पर 10% वार्षिक दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ---------- होगा।

(A) 2 रु. (B) 2.10 रु.
(C) 2.20 रु. (D) 2.30 रु.

46. Which of the following is like $32z^2y^2x^2$?
(A) $8z^2 \times 3y^2 \times x^2$
(B) $6z^2 \times 6x^2 \times y^2$
(C) $8y^2 \times 4x^2 \times z^2$
(D) $6z^2 \times 3x^2 \times y^2$

47. The irreducible factorisation of $63z^2y^3x$ is -----------.
(A) $9z^2y^3x$
(B) $9z^2 \times 7y^2 \times 2x$
(C) $9z^2 \times 7x \times y^2$
(D) $3z^2 \times 7x \times 3y^3$

48. $\left(\frac{3a}{5}+\frac{2b}{3}\right)\left(\frac{3a}{5}-\frac{2b}{3}\right)=?$
(A) $\frac{3a^2}{5}-\frac{2b^2}{3}$ (B) $\frac{9a^2}{5}-\frac{4b^2}{9}$
(C) $\frac{9a^2}{25}-\frac{4b^2}{9}$ (D) $\frac{9a^2}{25}-\frac{4b^2}{3}$

49. $(2005)^2-(1995)^2=?$
(A) 40000 (B) 4000
(C) 4025 (D) 40225

50. The area of a square is $9x^2 + 24xy + 16y^2$. Its side will be:
(A) $3x-4y^2$ (B) $3x-4y$
(C) $3x+4y^2$ (D) $3x+4y$

51. If $3x - 4(64 - x) = 10$, then $x = ?$
(A) 133 (B) 38
(C) –286 (D) 66.5

52. The present age of the father is three times than that of his son. After three years the age of the father will be 7 years more than twice the age of the son. The present age of the son is ------- years.
(A) 8 (B) 9
(C) 10 (D) 11

53. The sum of five consecutive multiples of 6 is 2040. Find the largest multiple.
(A) 420 (B) 528
(C) 456 (D) 450

46. $32z^2y^2x^2$ के समान पद क्या है?
(A) $8z^2 \times 3y^2 \times x^2$
(B) $6z^2 \times 6x^2 \times y^2$
(C) $8y^2 \times 4x^2 \times z^2$
(D) $6z^2 \times 3x^2 \times y^2$

47. $63z^2y^3x$ का अखंडनीय गुणनखण्ड ---------- है।
(A) $9z^2y^3x$
(B) $9z^2 \times 7y^2 \times 2x$
(C) $9z^2 \times 7x \times y^2$
(D) $3z^2 \times 7x \times 3y^3$

48. $\left(\frac{3a}{5}+\frac{2b}{3}\right)\left(\frac{3a}{5}-\frac{2b}{3}\right)=?$
(A) $\frac{3a^2}{5}-\frac{2b^2}{3}$ (B) $\frac{9a^2}{5}-\frac{4b^2}{9}$
(C) $\frac{9a^2}{25}-\frac{4b^2}{9}$ (D) $\frac{9a^2}{25}-\frac{4b^2}{3}$

49. $(2005)^2-(1995)^2=?$
(A) 40000 (B) 4000
(C) 4025 (D) 40225

50. एक वर्ग का क्षेत्रफल $9x^2 + 24xy + 16y^2$ है। इसकी भुजा ---------- होगी।
(A) $3x-4y^2$ (B) $3x-4y$
(C) $3x+4y^2$ (D) $3x+4y$

51. यदि $3x - 4(64 - x) = 10$, तो $x = ?$
(A) 133 (B) 38
(C) –286 (D) 66.5

52. पिता की वर्तमान आयु पुत्र की आयु से तीन गुणी है। तीन वर्ष बाद पिता की आयु पुत्र की आयु के दुगुने से 7 वर्ष अधिक होगी। पुत्र की वर्तमान आयु ---------- वर्ष है।
(A) 8 (B) 9
(C) 10 (D) 11

53. 6 के पाँच क्रमागत गुणजों का योग 2040 है। सबसे बड़ा गुणज ज्ञात कीजिए।
(A) 420 (B) 528
(C) 456 (D) 450

54. 15 added to the product of $y$ and 13 give us 54. The value of $y$ is:
(A) 2 (B) 69/13
(C) 3 (D) 4

55. The four angles of a quadrilateral are in the ratio of 3:4:5:6. The largest angle is:
(A) 160 (B) 80
(C) 100 (D) 120

56. In a quadrilateral ABCD, AB = 6 cm, CD = 8 cm and sum of angles A and D is 180°. This is ----------.
(A) parallelogram (B) Trapezium
(C) rhombus (D) square

57. One of the diagonals of a rhombus is equal to its side. Its larger angle is:
(A) 120° (B) 90°
(C) 60° (D) 160°

58. The diagonals of a rhombus are 5 cm and 7 cm. Its area will be -------- $cm^2$.
(A) 12 (B) 17.5
(C) 35 (D) 70

59. The area of the largest triangle that can be fitted into a rectangle of the length L units and width B units will be ---------- $units^2$.
(A) LB/3 (B) LB/6
(C) LB/4 (D) LB/2

60. 360 $m^3$ water is used to irrigate rectangular field of length 40 m and width 18 m. The height of the water level in the field will be --------- m.
(A) 0.5 (B) 1
(C) 1.5 (D) 0.2

61. If the side of a cube is increased to three times, its volume will become --------- times.
(A) 6 (B) 9
(C) 21 (D) 27

54. $y$ और 13 के गुणनफल में 15 जोड़ने पर 54 प्राप्त होता है। $y$ का मान ---------- होगा।
(A) 2 (B) 69/13
(C) 3 (D) 4

55. एक चतुर्भुज के चार कोण 3:4:5:6 के अनुपात में हैं। सबसे बड़ा कोण ---------- होगा।
(A) 160 (B) 80
(C) 100 (D) 120

56. यदि चतुर्भुज ABCD में AB = 6 cm, CD = 8 cm और कोण A और D का योग 180° है। यह चतुर्भुज ---------- है।
(A) समान्तर (B) समलम्ब
(C) समचतुर्भुज (D) वर्ग

57. यदि एक समचतुर्भुज में एक विकर्ण उसकी भुजा के बराबर है। इसका बड़ा कोण --------- होगा।
(A) 120° (B) 90°
(C) 60° (D) 160°

58. एक समचतुर्भुज के विकर्ण 5 cm और 7 cm हैं। इसका क्षेत्रफल ------ $cm^2$ होगा।
(A) 12 (B) 17.5
(C) 35 (D) 70

59. लम्बाई L इकाई और चौड़ाई B इकाई वाले एक आयत में समाहित होने वाले सबसे बड़े त्रिभुज का क्षेत्रफल ---------- है।
(A) LB/3 (B) LB/6
(C) LB/4 (D) LB/2

60. एक 40 m लम्बे और 18 m चौड़े आयताकार खेत में 360 $m^3$ जल से सिंचाई की जाती है। खेत में जल स्तर की ऊँचाई --------- m होगी।
(A) 0.5 (B) 1
(C) 1.5 (D) 0.2

61. यदि एक घन की भुजा तीन गुना कर दी जाए तो उसका आयतन --------- गुना हो जाएगा।
(A) 6 (B) 9
(C) 21 (D) 27



www.sdcampus.com
SD Campus APP

**62.** The radii of two cylinders are in the ratio of 1:2 and heights are in ratio of 2:5. The ratio of their volume will be:

(A) 1:10 (B) 1:8

(C) 1:5 (D) 2:9

**63.** How many cubic metres of earth must be dug to construct a 7 m deep well and diameter is 2 m?

(A) 35 (B) 32

(C) 22 (D) 14

**64.** A dice is thrown two times. The sum of numbers appearing on the dice can be -------- outcomes.

(A) 5 (B) 6

(C) 11 (D) 18

**65.** The range of the following data is -------

–6, –8, 3, 2, 1, 4, 2, 5

(A) 10 (B) 13

(C) 11 (D) 8

**62.** दो बेलनों की त्रिज्याओं का अनुपात 1:2 है और उनकी ऊँचाइयाँ 2:5 में हैं। इनके आयतन का अनुपात ---------- होगा।

(A) 1:10 (B) 1:8

(C) 1:5 (D) 2:9

**63.** एक 7 m गहरा और 2 m व्यास का कुआँ खोदने के लिए कितनी cubic मीटर मिट्टी खोदनी पड़ेगी?

(A) 35 (B) 32

(C) 22 (D) 14

**64.** एक पासे को दो बार फेंका जाता है। उस पर आने वाले संख्याओं के योग के संभव परिणाम ---------- हो सकते हैं।

(A) 5 (B) 6

(C) 11 (D) 18

**65.** निम्न आँकड़ों का परिसर ---------- है।

–6, –8, 3, 2, 1, 4, 2, 5

(A) 10 (B) 13

(C) 11 (D) 8

**Space for rough work**

**रफ कार्य के लिए स्थान**

## Section – IV : General Science
## अनुभाग – IV : सामान्य विज्ञान

**Directions: For each question (Q. Nos. 66 to 100) four possible choices have been given, out of which only one is correct. You are to select the correct answer and fill in OMR sheet.**

**निर्देश: प्रत्येक प्रश्न के लिए (प्र.सं. 66 से 100 तक) चार सम्भावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। आपको सही उत्तर चुनकर ओ.एम.आर. शीट में भरना है।**

**66.** Lactobacillus is a/an ---------.
(A) Bacteria (B) Algae
(C) Protozoa (D) Fungi

**67.** -------- is used in sowing.
(A) Sickle (B) Hoe
(C) Seed Drill (D) Sprinkler

**68.** Influenza is caused in human beings by ----------
(A) bacteria (B) virus
(C) amoeba (D) fungus

**69.** Smallpox vaccine was discovered by ----------.
(A) Louis Pasteur (B) Robert Koch
(C) Edward Jenner (D) Fleming

**70.** Which one of the following is a thermo setting plastic?
(A) Nylon (B) PVC
(C) Rubber (D) Bakelite

**71.** Which one of the following reacts vigorously with cold water?
(A) Sodium (B) Carbon
(C) Aluminium (D) Magnesium

**72.** Which property of copper is used for making electric wires?
(A) ductility (B) good conductor
(C) insulation (D) being solid

**73.** Which of the following is not a constituent of petroleum?
(A) paraffin wax (B) lubricating oil
(C) coke (D) petrol

**66.** लैक्टोबैसिलस एक ---------- है।
(A) जीवाणु (B) शैवाल
(C) प्रोटोजोआ (D) कवक

**67.** ---------- बीज बोने में उपयोग होती है।
(A) हँसिया (B) कुदाली
(C) सीड ड्रिल (D) स्प्रिंकलर

**68.** मानव में इन्फ्लुएंजा रोग ---------- के कारण उत्पन्न होता है।
(A) जीवाणु (B) विषाणु
(C) अमीबा (D) फफूँदी

**69.** छोटी माता के लिए वैक्सीन की खोज ---------- ने की।
(A) लुई पाश्चर (B) रॉबर्ट कोच
(C) एडवर्ड जेनर (D) फ्लेमिंग

**70.** निम्न में से थर्मोसेटिंग प्लास्टिक कौन सी है?
(A) नाइलॉन (B) पी वी सी
(C) रबड़ (D) बैकेलाइट

**71.** निम्नलिखित में से किसकी ठंडे जल से तीव्र अभिक्रिया होती है?
(A) सोडियम (B) कार्बन
(C) एल्युमिनियम (D) मैग्नीशियम

**72.** कॉपर के किस गुण का विद्युत तार बनाने में उपयोग किया जाता है?
(A) तन्यता (B) अच्छे सुचालक
(C) कुचालक (D) ठोस होना

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा पेट्रोलियम का अवयव नहीं है?
(A) पैराफिन मोम (B) स्नेहक तेल
(C) कोक (D) पेट्रोल


www.sdcampus.com SD Campus APP

74. Which one of the following is not a natural resource?
(A) water (B) minerals
(C) soil (D) rayon

75. The black thick liquid with unpleasant smell is known as -----------.
(A) kerosene (B) coal-tar
(C) petrol (D) coke

76. Species is found exclusively in a specific habitat.
(A) endemic (B) extinct
(C) endangered (D) fauna

77. The environmental impact of clearing large patches of forests for cultivation of crops is ----------.
(A) soil pollution (B) soil fertility
(C) soil erosion (D) soil conservation

78. The leaves are green due to ----------.
(A) ribosome (B) mitochondria
(C) chloroplast (D) chlorophyll

79. Which one of the following is found in cells of plant, animal as well as bacteria?
(A) chloroplast (B) cell membrane
(C) nucleus (D) cell wall

80. Hen -----------.
(A) undergoes external fertilisation
(B) is oviparous
(C) is viviparous
(D) undergoes internal fertilisation

81. In amoeba reproduction takes place by ---.
(A) external fertilisation
(B) internal fertilisation
(C) budding
(D) binary fission

74. निम्न में से कौन सा प्राकृतिक संसाधन नहीं है?
(A) जल (B) खनिज
(C) मृदा (D) रेयॉन

75. अप्रिय गंध वाला काला गाढ़ा द्रव ------------ कहलाता है।
(A) कैरोसिन (B) कोलतार
(C) पेट्रोल (D) कोक

76. स्पीशीज एकमात्र रूप से एक विशिष्टीकृत पर्यावास में पाई जाती है।
(A) स्थानिक (B) विलुप्त
(C) संकटापन्न (D) प्राणिजात

77. बड़े भूखंडों को खेती करने के लिए साफ करने का पर्यावरण पर निम्न प्रभाव पड़ता है।
(A) मृदा प्रदूषण (B) मृदा उर्वरता
(C) मृदा अपरदन (D) मृदा संरक्षण

78. पत्तियाँ --------- के कारण हरी होती हैं।
(A) राइबोसोम (B) माइटोकॉंड्रिया
(C) हरितलवक (D) पर्णहरित

79. निम्न में से क्या पादप, जन्तु एवं जीवाणु की कोशिका में पाया जाता है?
(A) हरितलवक (B) कोशिका झिल्ली
(C) केन्द्रक (D) कोशिका भित्ति

80. मुर्गी --------- है।
(A) बाह्य निषेचक
(B) अण्डप्रजक
(C) सजीवप्रजक
(D) आन्तरिक निषेचक

81. अमीबा में ------------- द्वारा जनन होता है।
(A) बाह्य निषेचन
(B) आन्तरिक निषेचन
(C) मुकुलन
(D) द्विविभाजन

82. Insufficient production of --------- in the tadpoles leads to their incomplete development.

(A) thyroxin (B) insulin
(C) nutrients (D) ducts

83. At the onset of puberty --------- is released by testes.

(A) thyroxin (B) insulin
(C) testosterone (D) adrenaline

84. A gas filled balloon moves up because -------.

(A) gravity force does not act on the balloon
(B) there is no frictional force on the balloon
(C) upward force on the balloon is more than gravitational force
(D) upward force on the balloon is more than frictional force

85. Two thermocol balls held close to each other move away because of ---------- force.

(A) magnetic (B) electrostatic
(C) gravitational (D) frictional

86. Wearing of cartilage in the body --------- friction.

(A) increases
(B) decreases
(C) does not effect
(D) may increase or decrease

87. The handle of a cricket bat is usually rough to ------------.

(A) get more run
(B) get ball on bat
(C) decrease friction
(D) increase friction

82. टेडपोलों में --------------- के अपर्याप्त बनने से परिवर्धन अपूर्ण रह जाता है।

(A) थायरॉक्सिन (B) इंसुलिन
(C) पोषक तत्व (D) वाहिकाएं

83. यौवनारम्भ में वृषणों से --------------- उत्सर्जित होता है।

(A) थायरॉक्सिन (B) इंसुलिन
(C) टेस्टोस्टेरॉन (D) एड्रीनेलिन

84. एक गैस से भरा गुब्बारा ऊपर की ओर जाता है क्योंकि:

(A) इस पर गुरुत्वाकर्षण बल नहीं लगता
(B) इस पर कोई घर्षण बल नहीं लगता
(C) ऊपर की ओर लगने वाला बल गुरुत्वाकर्षण बल से अधिक होता है
(D) ऊपर की ओर लगने वाला बल घर्षण बल से अधिक होता है

85. पास-पास रखी थर्मोकोल की दो गेंदें ------------------- बल के कारण एक-दूसरे से दूर चली जाती हैं।

(A) चुम्बकीय (B) वैद्युत
(C) गुरुत्वाकर्षण (D) घर्षण

86. शरीर में उपास्थि का समाप्त होना शरीर में घर्षण बल को ---------- है।

(A) बढ़ाता
(B) घटाता
(C) प्रभावित नहीं करता
(D) घटा या बढ़ा सकता

87. क्रिकेट के बल्ले का हैंडल ------------ के लिए प्राय: खुरदरा होता है।

(A) अधिक रन प्राप्त करने
(B) बॉल को बल्ले पर लाने
(C) घर्षण घटाने
(D) घर्षण बढ़ाने

88. If we increase the vibration in an object the time period will ----------.
(A) increase in same proportion
(B) increase in inverse proportion
(C) decrease in same proportion
(D) decrease in inverse proportion

89. Ultrasound has ----------- frequency of vibration.
(A) 20 Hz
(B) between 20 to 20,000 Hz
(C) above 20,000 Hz
(D) less than 20 Hz

90. Iron is painted to ----------.
(A) give shiny appearance
(B) keep it for long
(C) save it from corrosion
(D) save it from electric current

91. --------- of the following is not good conductor of electricity.
(A) Tap water (B) Vegetable oil
(C) Vinegar (D) Lemon juice

92. Earthquakes can cause ------------
(A) Tsunami, Floods, Landslide
(B) Tsunami, Lightening, Floods
(C) Tsunami, Lightening, Landslide
(D) Floods, Lightening, Landslide

93. When you rub the back of a plastic pen in your hair and bring it near a small piece of paper it attracts paper due to -----------.
(A) electrostatic force (B) friction
(C) magnetic force (D) gravity

94. If the object is 5 cm away from the plane mirror, the image formed by it and the object will be ---------- cm apart.
(A) 2.5 (B) 5
(C) 10 (D) 15

88. यदि किसी वस्तु की कंपन आवृत्ति बढ़ाते हैं तो उसका आवर्त काल ------------ है।
(A) उसी अनुपात में बढ़ता
(B) उसकी व्युत्क्रमानुपात में बढ़ता
(C) उसी अनुपात में घटता
(D) उसकी व्युत्क्रमानुपात में घटता

89. पराश्रव्य ध्वनि की तरंगों की आवृत्ति --------- होती है।
(A) 20 Hz
(B) 20 और 20,000 Hz के मध्य
(C) 20,000 Hz से अधिक
(D) 20 Hz से कम

90. लोहे को रोगन ---------- हेतु किया जाता है।
(A) इसे चमकदार बनाने
(B) इसे अधिक समय तक रखने
(C) इसे अपरदन से बचाने
(D) इसे वैद्युत करन्ट से बचाने

91. निम्नलिखित में से ---------------- विद्युत का सुचालक नहीं होता।
(A) टोंटी का पानी (B) वनस्पति तेल
(C) सिरका (D) नीबू का रस

92. भूकम्प के कारण ------------ आ सकती है।
(A) सुनामी, बाढ़, भूस्खलन
(B) सुनामी, तड़ित, बाढ़
(C) सुनामी, तड़ित, भूस्खलन
(D) बाढ़, तड़ित, भूस्खलन

93. जब आप एक प्लास्टिक पेन को पीछे से अपने बालों में रगड़ कर कागज के छोटे टुकड़े के पास लाते हैं तो यह उसे ---------- के कारण अपनी ओर आकर्षित करता है।
(A) वैद्युत बल (B) घर्षण
(C) चुम्बकीय बल (D) गुरुत्वाकर्षण

94. यदि कोई वस्तु समतल दर्पण से 5 सेमी दूर है, तो इसके द्वारा निर्मित प्रतिबिम्ब और वस्तु के मध्य दूरी ---------- होगी।
(A) 2.5 सेमी (B) 5 सेमी
(C) 10 सेमी (D) 15 सेमी

[P.T.O.

95. A ray of light can be reflected ---------- times by two plane mirrors placed parallel and facing each other.
(A) 2
(B) 4
(C) 8
(D) infinite

96. Planet Venus is also known as ----------.
(A) Pole star
(B) Morning star
(C) Star Sirius
(D) Jupiter

97. A star is fifteen light years away from earth. The light emitted by it today will be seen after ---------- years.
(A) 5
(B) 10
(C) 15
(D) 30

98. Tree plantation month of July/August every year is known as ------------.
(A) van Mahotsav
(B) plantation month
(C) forest conservation month
(D) wildlife month

99. ---------- is responsible for acid rain.
(A) Carbon dioxide
(B) Sulphur dioxide
(C) Carbon monoxide
(D) Chlorofluorocarbons

100. Which of the following groups contains all synthetic substances?
(A) nylon, terylene, wool
(B) cotton, polycot, rayon
(C) PVC, polythene, bakelite
(D) acrylic, silk, wool

95. एक-दूसरे के उन्मुख और समान्तर रखे दो समतल दर्पणों द्वारा प्रकाश की कोई किरण ------------ बार परावर्तित हो सकती है।
(A) 2
(B) 4
(C) 8
(D) अनन्त

96. शुक्र ग्रह को ---------- भी कहते हैं।
(A) ध्रुव तारा
(B) प्रभात तारा
(C) सीरियस तारा
(D) जूपिटर

97. एक तारा पृथ्वी से पन्द्रह प्रकाश वर्ष दूर है। इसके द्वारा आज निकला प्रकाश ---------- वर्ष बाद दिखाई देगा।
(A) 5
(B) 10
(C) 15
(D) 30

98. प्रतिवर्ष जुलाई/अगस्त का पौधे लगाने वाला माह ---------- कहलाता है।
(A) वन महोत्सव
(B) पौधों का माह
(C) वन संरक्षण माह
(D) वन्य जीव माह

99. ---------- अम्ल वर्षा के लिए उत्तरदायी है।
(A) कार्बन डाइऑक्साइड
(B) सल्फर डाइऑक्साइड
(C) कार्बन मोनोऑक्साइड
(D) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन

100. निम्नलिखित समूहों में से किसमें केवल संश्लेषित पदार्थ है?
(A) नाइलॉन, टेरीलीन, ऊन
(B) कपास, पॉलिकॉट, रेयॉन
(C) पी वी सी, पॉलिथिन, बेकेलाइट
(D) एक्रिलिक, रेशम, ऊन

Space for rough work

रफ कार्य के लिए स्थान